शीतला मंदिर के पास अवैध कब्जा करने वाले के खिलाफ हूई कार्यवाही

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है, जोन 02 वैशालीनगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम शीतला मंदिर के पास अवैध निर्माण कर आवागमन को बाधित करने तथा नाले के उपर बांस बल्ली से कब्जा करने और ठेला लगाने की शिकायत पर दो अलग अलग स्थान पर कार्यवाही करते हूए बेदखल कर तोड़फोड़ उपरांत सामग्री को जप्त किए। निगम क्षेत्र में अतिक्रमण , अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारी/कर्मचारियों की टीम बनाई है जो अवैध निर्माण, अवैध कब्जा करने वालों पर कार्यवाही कर रहे है। रामनगर और बघवा चौक के पास किए गए कार्यवाही पूर्व इन्हें स्वयं से कब्जा हटाने की मोहलत दिए जाने के बाद भी नहीं हटाने पर जोन 02 आयुक्त पूजा पिल्ले के निर्देश पर पुलिस बल की उपस्थिति में तोड़फोड़ की कार्यवाही को अंजाम दिया गया! जोन 02 के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम ने बताया कि जोन आयुक्त के निर्देश पर अवैध कब्जा करने वाले दो स्थानों पर कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि वार्ड 14 रामनगर शीतला मंदिर के पास रिक्त स्थान है वहां से मंदिर के पीछे रहवासी आवागमन करते है , उक्त स्थान पर राकेश फुंडे के द्वारा अतिक्रमण के उद्देश्य से टीनशेड निर्माण कर कबाड़ रखकर कब्जा कर लिए थे , जिससे पीछे की गली में रहने वालो को आवागमन में परेशानी होने लगी थी , जिसकी शिकायत मोहल्ले के नागरिकों द्वारा किया गया था , शिकायत के आधार पर जोन 02 के राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहूंची और बनाए गए अस्थाई टीनशेड को तोड़फोड़ कर सामग्री को जप्त किया तथा स्थल को कब्जामुक्त कराया। इसी प्रकार बघवा चौक के पास ठेला लगाकर व्यवसाय करने वाले व्यक्ति द्वारा नाले के उपर बांस बल्ली लगाकर और ठेला रखकर अतिक्रमण कर रहा था, जिसे स्वयं से हटाने के लिए समय देने के बावजूद नहीं हटाने पर तोड़फोड़ कर बांस , बल्ली को जप्त किया गया। कार्यवाही के दौरान पुलिस बल एवं जोन 02 के कर्मचारी उपस्थित थे।